न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी–श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
08/2024	17.05.2024	28.11.2025

1. जीतराम पुत्र रामहरि, मीना निवासी मीनापाडा तह0 तलावडा
2. धनराज पुत्र रामहरि, मीना निवासी मीनापाडा तह0 तलावडा
3. रामजीत पुत्र रामहरि, मीना निवासी मीनापाडा तह0 तलावडा ——प्रार्थी

बनाम

1. इन्दूदेवी पुत्री कल्याण पत्नी कैलाश, मीना निवासी ग्राम गंभीरा तह0 बौली
2. कमली पुत्री कल्याण पत्नी रमेश, मीना निवासी चांदनहोली तह0 बामनवास
3. बिन्दोडी पत्नी राधेश्याम (लाऔलाद फौत)
4. शांति देवी पुत्री कल्याण पत्नी जसराम, मीना निवासी गंभीरा तह0 बौली
5. सुमित्रा पुत्री बद्री पत्नी प्रकाश, मीना निवासी बडागांव
6. रतिराम पुत्र कल्याण, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
7. राजन्ती पुत्री कल्याण, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
8. रामरूप पुत्र कल्याण, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
9. रोशनी पुत्री बद्री, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
10. प्रेमदेवी पत्नी बसन्तीलाल पुत्र मोतीलाल, मीना निवासी कडी झोपडी तहसील तलावडा
11. धापा देवी पत्नी कल्याण, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
12. भगवान सहाय पुत्री बद्री, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
13. भौती देवी पत्नी , मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
14. रघुवीर पुत्र मूला, मीना निवासी कडी झोपडी तह0 तलावडा
15. लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तलावडा ——अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राज0 अधिनियम

उपस्थित :– श्री मोहम्मद इस्लाम, एडवोकेट, प्रार्थीगण की ओर से

निर्णय

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ख0न0 525/380 ग्राम कडी झोपडी है। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि की पश्चिम दिशा मे अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायता 13 की भूमि ख0न0 375 व उत्तर दिशा मे अप्रार्थी संख्या 14 की भूमि ख0न0 371/457 स्थित है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण के मध्य आये दिन डौल मेड को लेकर विवाद पैदा होते रहते है। दिनांक 10.5.23 को अप्रार्थीगण से पत्थरगढी के लिए कहने पर अप्रार्थीगण

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.12.29 16:56:25 IST
Reason: SelfAttested

अधिकारी

द्वारा कोई सहमति प्रस्तुत नही करने पर यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत निवेदन है कि भूमि ख0न0 525/308 व अप्रार्थी संख्या 1 ता 13 की भूमि ख0न0 375, 376 व अप्रार्थी संख्या 14 की भूमि ख0न0 371/457 के मध्य पत्थरगढी के आदेश फरमाने का कष्ट करें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थीगण ने फोटोकोपी नकल जनबंदी सं0 2072 से 2075 खाता संख्या 67, 85 ग्राम कडी झोपडी, फोटोकोपी सीनाइज्ञान रिपोर्ट दिनांक 21.6.2022 प्रस्तुत किए हैं।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया। अप्रार्थीगण बाबजूद सूचना उपस्थित नहीं हुए।

वकील प्रार्थीगण को सुना गया।

प्रार्थीगण के विद्वान वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। नकल जमाबंदी सं0 2072 से 2075 खाता संख्या 67 ग्राम कडी झोपडी के अनुसार वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज है इसलिए प्रार्थीगण भूमि की पत्थरगढी करवाने का अधिकारी है। फलस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाने योग्य है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं लैण्ड होल्डर तहसीलदार तलावडा को आदेश दिया जाता है कि मौके पर कोई विवाद नहीं हो तो वह प्रार्थी की खातेदारी भूमि हाल ख0न0 525/380 रकबा 0.3250 है0 ग्राम कडी झोपडी, तह0 तलावडा की पत्थरगढी करवावें। निर्णय की एक प्रति पालना हेतु तहसीलदार लैण्ड होल्डर तलावडा को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 28.11.25 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(बृजेन्द्र मीना)
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

उप जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.12.29 16:56:25 IST
Reason: SelfAttested